# इन्फॉर्मेटिक प्रैक्टिसेज - 2012

**समय : 3 घण्टे ]** **कक्षा : 12वीं** **[ पूर्णांक : 75**

**निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख दिए गए हैं।**

**(iii) प्रश्न क्रमांक 5 से 15 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिए गये हैं।**

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए- 5

(अ) डाटाबेस स्कीमा निम्न का आउटपुट है-

(1) एनालिसिस (2) डिजाइन

(3) कोडिंग (4) टेस्टिंग

(ब) ग्राफिकल डाटा कन्ट्रोल हैं-

(1) ADODC (2) ADODB

(3) DAO (4) DSN

(स) कौन-सा कर्सर सभी प्रकार की सुविधाएँ देता है?

(1) Keyset (2) स्टेटिक

(3) डायनामिक (4) फॉरवर्ड ओनली

(द) ऑब्जेक्ट के नाम की अधिकतम सीमा है-

(1) 30 बाईट (2) 40 बाईट

(3) 50 बाईट (4) 20 बाईट

(इ) TCP प्रोटोकॉल किस लेयर से सम्बन्धित है?

(1) नेटवर्क (2) फिजीकल

(3) ट्रान्सपोर्ट (4) एप्लीकेशन

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 5

(1) ...............मैनेजमेंट सिस्टम में क्रम नंबर का उपयोग किया जाता है।

(2) ADODC के लिए.............फाइल आवश्यक है।

(3) रिपोर्ट में JPEG फाइल...........कन्ट्रोल के द्वारा जोड़ी जा सकती है।

(4) WHEN क्लॉज का उपयोग............निर्देश के साथ होता है।

(5) ऐसा PL/SQL ब्लॉक जिसका नाम होना आवश्यक नहीं, ............ कहलाता है।

प्रश्न 3. सही या गलत बनाइए- 5

(1) INGRESS एक बैक ऐन्ड टूल है।

(2) रिपोर्ट में हैडर ऐच्छिक (ऑप्शनल) होते हैं।

(3). ऐम्बेड ऑब्जेक्ट के साथ डाटा ग्रिड को लिंक किया जा सकता है।

(4) PL/SQL स्टेटमेंटों के ब्लॉक को एक्झीक्यूट करती है।

(5) IP पैकेट को IP डाटाग्राम भी कहते हैं।

प्रश्न 4. कॉलम (अ) के लिए कॉलम (ब) से चुनकर सही जोड़ी बनाइए- 5

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) पॉवर बिल्डर | (a) TO-DATE |
| (2) लॉन्ग (LONG) | (b) COUNT |
| (3) करेंसी (CURRENCY) | (c) 8 बाईट |
| (4) कैरेक्टर फंक्शन | (d) 4 बाईट |
| (5) कन्वर्शन फंक्शन | (e) ASCII |
| | (f) फ्रन्ट ऐन्ड |

प्रश्न 5. मॉड्यूल क्या हैं? VB में मॉड्यूल के प्रकार लिखिए। प्रत्येक का एक्सटेंशन लिखिए। 4

(अथवा) SDI क्या है? इसकी कमियों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 6. 0 से 5 तक के नंबरों के फेक्टोरियल को प्रिंट करने का प्रोग्राम VB में लिखिए। 4

(अथवा) VB प्रोग्राम में होने वाली फिजीकल मीडिया तथा डाटाबेस ऐरर (error) का वर्णन कोजिए।

प्रश्न 7. VB के DO...........UNTIL लूप को उदाहरण सहित समझाइए। 4

(अथवा) VB के IF.........THEN निर्देश को उदाहरण द्वारा समझाइए।

प्रश्न 8. SQL में TABLE बनाने का व्याकरण (सिन्टेक्स) लिखिए। उदाहरण भी दीजिए। 4

(अथवा) बूलियन (Boolean) तथा कम्पोजिट डाटा टाइप को समझाइए।

प्रश्न 9. RDBMS को समझाइए। RDBMS की सीमाओं की विवेचना कीजिए। 5

(अथवा) एन्टिटी, एन्टिटी सेट तथा एट्रीब्यूट को समझाइए।

प्रश्न 10. VB में सबरूटीन क्या है? सबरूटीन बनाने के लाभ लिखिए। 5

(अथवा) VB के LEN( ), LCASE ( ), LEFT ( ), STR ( ), MID ( ) फंक्शन का उपयोग लिखिए।

प्रश्न 11. DBCOMBO तथा DBLIST को समझाइए। 5

(अथवा) कनेक्शन ऑब्जेक्ट तथा उसकी विशेषताओं के बारे में लिखिए।

प्रश्न 12. डाटाबेस डेवलपमेंट लाइफ सायकल (DDLC) के सभी चरण संक्षेप मे समझाइए। 6

(अथवा) डाटा डिक्शनरी (Data dictionary) तथा डाटा माइनिंग (Data mining) को समझाइए।

प्रश्न 13. PL/SQL में डाटाबेस ट्रान्जेक्शन क्या है? इसकी विशेषताएँ लिखिए। 6

(अथवा) PL/SQL में वेरिएबिल हेन्डलिंग एवं डिक्लेरेशन प्रक्रिया (प्रोसेस) का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 14. PL/SQL के comparison तथा logical ऑपरेटरों का उपयोग लिखिए। 6

(अथवा) PL/SQL के FOR LOOP को उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 15. कर्सर को समझाइए। कर्सर कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए। 6

(अथवा) स्टोर्ड प्रोसीजर क्या है? स्टोर्ड प्रोसीजर बनाने का व्याकरण (syntax) लिखिए।

❑ ❑ ❑